Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding widening of N.H. 104 in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं अपने संसदीय क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन एन. एच.-1 04 (लॉट-1) की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूँ । उक्त एन.एच. का 40वां किलोमीटर से 79.40 0वां किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण कार्य विगत तीन वर्षों से अधूरा रहने के कारण यातायात पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है तथा इस पर आये दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती हैं । विशेषकर वर्षा के दिनों में तो यहाँ से आवागमन प्रायः ठप्प ही हो जाता है । सड़क पर मिट्टी होने की वजह से सड़क किनारे रहने वाले लोग सांस की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं जिससे लोगों में काफी निराशा एवं रोष व्याप्त है । ज्ञात हो कि उक्त सड़क का चौड़ीकरण कार्य अधूरा रहने के कारण सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है । साथ ही इस मार्ग के आस-पास के क्षेत्र का विकास कार्य भी अवरूद्ध है ।

अतः सरकार से अनुरोध होगा कि उपरोक्त विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए मेरे संसदीय क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन एन.एच.-104 (लॉट-1 सड़क) 40वां किमी0 शिवहर से 79.40 0वां किमी0 सीतामढ़ी तक में हो रहे कठिनाइयों को दूर करते । हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की कृपा की जाये जिससे कि लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके ।